राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: 02, दिनांक: 05.06.2025

दो करोड़ की आय | फाइनल मैच के दिन दो लाख लोगों ने की सवारी

# आईपीएल के नौ मैचों में 15 लाख ने किया मेट्रो ट्रेन से सफर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले के आयोजित नौ मैचों के दौरान मेट्रो ट्रेन में 15 लाख लोगों ने सफर किया। गत मार्च से जून महीने तक इस अवधि में इतने लोगों ने आवागमन किया। इस दौरान दो करोड़ रुपए से भी अधिक की आय हुई। मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल फाइनल मुकाबले के दिन सबसे अधिक दो लाख से अधिक लोगों ने मेट्रो ट्रेन में सफर किया। मेट्रो ट्रेन से सफर का उत्साह इसलिए भी देखा जा रहा है कि इसमें किसी तरह के ट्रैफिक जाम या अन्य समस्या नहीं होती है।



आइपीएल मैच के दौरान शहर के एक मेट्रो ट्रेन स्टेशन पर यात्रियों की भीड़।

अहमदाबाद मेट्रो के शुरू होने के बाद से ही लोगों में ट्रेन की सवारी करने के प्रति उत्साह है। यह उत्साह आईपीएल मैचों के दौरान और बढ़ गया। आईपीएल मुकाबलों के दौरान ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या से निजात पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने मेट्रो ट्रेन का इस्तेमाल किया है। आईपीएल के 9 मैचों के दौरान दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम-नरेंद्र मोदी स्टेडियम- तक पहुंचने के लिए सबसे अधिक लोगों ने मेट्रो ट्रेन का इस्तेमाल किया। इस अवधि में औसतन 1.66 लाख लोगों ने सवारी की। फाइनल मैच के दिन तो दो लाख से भी अधिक सवारियों ने आवा गमन किया। इस एक ही दिन में मेट्रो को 32 लाख रुपए से भी अधिक आय हुई थी। नौ मैचों के दिनों में ज्यादातर मेट्रो स्टेशनों पर अपेक्षाकृत भीड़ रही। इन दिनों मैच की अवधि का भी ध्यान रखा गया। देर रात तक ट्रेन चलाई गई।

## किस दिन कितने यात्री व आवक

| दिन | सवारी | आय |
|---|---|---|
| 25 मार्च | 159923 | 21.74 लाख |
| 29 मार्च | 159923 | 30.90 लाख |
| 09 अप्रेल | 172248 | 24.15 लाख |
| 19 अप्रेल | 165551 | 19.43 लाख |
| 2 मई | 197388 | 29.30 लाख |
| 22 मई | 121475 | 17.51 लाख |
| 25 मई | 148192 | 18.09 लाख |
| 01 जून | 145654 | 22.31 लाख |
| 03 जून | 213336 | 32.12 लाख |